# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6015/26 दिनांक–06.08.26

**अति आवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल), प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

**विषय– अगस्त–2026 हेतु इनरोल्ड छात्र / छात्राओं के अपूर्ण प्रपत्र / कमियों का निस्तारण करने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में आपको सूचित करना है कि विभिन्न स्रोतों यथा वेबसाइट एवं ई–मेल / पत्र के माध्यम से सूचित किये जाने के उपरान्त भी कतिपय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा अभी तक सत्र 2025–26 के छात्र / छात्राओं के अपूर्ण प्रपत्र / कमियों का निस्तारण कर, प्रपत्र अभी तक इनरोलमेंट पैनल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

ऐसी दशा में उक्त संस्थानों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे अपने इनरोलमेंट पैनल पर स्वयं अपने स्तर से निरीक्षण कर छात्रों के सापेक्ष इंगित कमियों को दिनांक **14.08.2026** तक आवश्यक रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित छात्र का प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।